भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 45 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार , 31 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति के नाम पर तबादलों का खेल

### नोटिस मिलने के बाद ऑफलाइन किए प्रतिनियुक्ति आदेश किए निरस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**डॉ .चेतन ठठेरा**

सरकार व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग में तबादलों और प्रतिनियुक्तियों पर भले ही रोक लगा रखी हो, लेकिन भीलवाड़ा जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी आदेशों के विपरित जाकर अपने चहते कर्मचारियों को व्यवस्था के नाम पर प्रतिनियुक्ति पर लगा रहे है।

### डीईओ प्रारंभिक कर रहे नियम विरूद्ध काम

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रारंभिक से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए अभी एक महीना ही हुआ है और इस दौरान बड़ी संख्या में व्यवस्था के नाम पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्तियां की गई है। जबकि सरकार ने प्रतिनियुक्ति पर रोक लगा रखी है। हालांकि सरकार ने कुछ अपवाद रूप से थोड़ी छूट दे रखी है वह भी इस जगह के लिए जहां पर एकल शिक्षक विद्यालय हो या शिक्षक विहीन विद्यालय हो। लेकिन इसकी भी अनदेखी की जा रही है। सभी प्रतिनियुक्तियां ऑफलाइन की गई है। इसके लिए भी एक दूसरे से सहमति लेकर यह काम किया जा रहा है।




डीईओ प्रारंभिक कार्यालय में पर्याप्त स्टाफ होने के बाद भी करीब 15 कार्मिकों की स्कूलों से यहां पर लगा रखे है।

### प्रतिनियुक्ति की गाइडलाइन

- व्याख्याता और सैकंड ग्रेड शिक्षक को अपवाद के रूप में छोड़कर प्रतिनियुक्ति पर नहीं लगा सकते है।
- डीईओ माध्यमिक और डीईओ प्रारंभिक दोनों ही अधिकारी एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में प्रतिनियुक्ति पर किसी भी शिक्षक को नहीं लगा सकते।
- एक ब्लॉक की एक स्कूल से दूसरे स्कूल में बहुत ही जरूरत होने पर प्रतिनियुक्ति लगाने का अधिकार केवल सीबीईओ को है।
- एक शिक्षक को गंभीर बीमारी होने या स्कूल में शिक्षक न होने पर ही इमरजेंसी पर प्रतिनियुक्ति पर लगा सकते है।
- प्रतिनियुक्ति का अधिकार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के पास है वह भी 29 दिन के लिए ऑनलाइन आर्डर के तहत लगा सकते है।

### डीईओ बाल्दी ने बदल दिए नियम

प्रतिनियुक्ति के नियम डीईओ प्रारंभिक रामेश्वर लाल बाल्दी ने बदलते हुए एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में प्रतिनियुक्ति कर दी। वह भी बिजौलिया ब्लॉक से एक शिक्षक को जहाजपुर ब्लॉक में लगाया है। जबकि बिजौलिया में 2 शिक्षकथे तथा जहाजपुर में पहले से ही 8 शिक्षक लगे गुए थे।

### इनका कहना है

डीईओ प्रारंभिक रामेश्वर लाल बाल्दी को एक नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया कि ऑफलाइन व्यवस्थार्थ आदेश नहीं करें। ऐसे आदेशों को तत्काल निरस्त कर सूचना भेजे। इस मामले में 16 जुलाई को भी निर्देश दिए थे, लेकिन उसकी पालना नहीं की गई। नोटिस का भी जवाब नहीं दिया है। अब बाल्दी के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की जा रही है।

**अरूणा गारू**
**सीडीईओ समग्र शिक्षा**
**भीलवाड़ा**

20 से अधिक शिक्षकों व अन्य को व्यवस्थार्थ ऑफलाइन आदेश के तहत लगा रखे थे उन सभी आदेश को निरस्त कर दिए गए है।

**रामेश्वर बाल्दी**
**डीईओ प्रारंभिक (मुख्यालय)**
**भीलवाड़ा**

## स्कूलों की सुरक्षा और सुविधाओं पर सरकार का फोकस तेज, 1936 विद्यालयों के लिए 169 करोड़ मंजूर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राज्य सरकार ने स्कूलों की जर्जर स्थिति और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर गंभीरता दिखाई है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया है कि प्रदेश के 4283 सरकारी स्कूलों में 5840 नए शौचालयों की आवश्यकता है, जिनका निर्माण स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करवाया जाएगा। पहले चरण में 2746 स्कूलों में शौचालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।इसके अलावा 1936 विद्यालयों के जीर्णोद्धार और अति आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए 169.52 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार, झालावाड़ और जैसलमेर में हुई घटनाओं के बाद प्रदेशभर में स्कूल भवनों की स्थिति का गहन सर्वे कराया जा रहा है।



मंत्री दिलावर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जर्जर भवनों में कक्षाएं ना चलें और नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का उपयोग बिना औपचारिक उद्घाटन के भी शुरू किया जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो। उन्होंने सभी संस्था प्रधानों से आग्रह किया कि बरसात के मौसम में विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें।

सरकार ने साफ किया है कि बच्चों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इस दिशा में हर स्तर पर कार्रवाई जारी है।

## जयपुर-उदयपुर हाईवे पर ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

जयपुर-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर धूलखेड़ा के पास डीएन टाटा मोटर्स के सामने बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमे बाइक की ट्रक से सीधी भिड़ंत में गंगापुर निवासी 30 वर्षीय इरफान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत व मेल नर्स महेश आमेटा मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल लेकर आए । जहाँ चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित किया । पुर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । वही दुर्घटना के कारण हाइवे पर लगे करीब 2 किलोमीटर लंबे जाम को भी



खुलवाकर यातायात सुचारू किया । हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोकसभा सदन में साँसद दामोदर अग्रवाल ने जिंदल के अवैध खनन व ब्लास्टिंग की बात रखी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पेसवानी** – लोकसभा में बुधवार को भीलवाड़ा साँसद दामोदर अग्रवाल द्वारा मेसर्स जिंदल सा लिमिटेड द्वारा क्षेत्र में अवैध ब्लास्टिंग व खनन कार्य बंद करवाने व उससे प्रताड़ित किसानों को न्याय दिलवाने पुर के मकानो में आ रही दरारो एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार की मांग रखी गई । साँसद प्रवक्ता झुरानी ने बताया कि साँसद अग्रवाल द्वारा लोकसभा सदन में भीलवाड़ा में जिंदल सा लिमिटेड द्वारा क्षेत्र में अवैध ब्लास्टिंग व खनन कार्य बंद करवाने व उससे प्रताड़ित किसानों को न्याय दिलवाने पुर के मकानो में आ रही दरारो एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार की मांग रखी गई । जिंदल सा लिमिटेड द्वारा भीलवाड़ा जिले की सदैव उपेक्षा की गई है।। सांसद अग्रवाल ने सदन में जिंदल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा में जिंदल सॉ लिमिटेड द्वारा अवैध खनन एवं अवैध ब्लास्टिंग के कारण भूगर्भीय असंतुलन होकर जन धन की हानि हो रही हैं । नगर पुर में सैकड़ो मकान में जान माल की अति गंभीर स्थिति बनी हुई है । जिंदल शाह लिमिटेड द्वारा अनुबंध के अनुसार ना तो निवेश किया गया ना ही स्थानीय निवासियों को रोजगार मिल पा रहा है , जनरल खसरा संख्या गैर मुमकिन नल को बंद अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है । जलिया गांव में 300 मीटर की परिधि में ब्लास्टिंग की जा रही है ।



क्षेत्र के किसान और आमजन आए दिन धरना प्रदर्शन करते हैं किसान आत्महत्या के लिए विवश हो रहे हैं इसलिए सदन से निवेदन है कि इस अवैध ब्लास्टिंग व खनन को बंद करवाकर राहत प्रदान की जाए

## लोडिंग टैंपो में मिली युवक की लाश, दो दिन पहले हत्या की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजधानी के भट्टाबस्ती इलाके में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब अमान अली शाह नाले के पास सड़क किनारे खड़े एक लोडिंग टैंपो की ड्राइवर सीट पर युवक का सड़ा-गला शव मिला। मृतक की पहचान 24 वर्षीय प्रथम सिंह के रूप में हुई है, जो धौलपुर का रहने वाला था और दुर्गापुरा के शांति नगर में परिवार के साथ रहकर टैंपो चलाता था।

पुलिस के अनुसार, प्रथम सिंह 28 जुलाई की सुबह काम पर निकला था और उसके बाद से लापता था। परिजनों का कहना है कि उसका मोबाइल भी तभी से स्विच ऑफ था। दो दिन से तलाश में जुटे परिवार को बुधवार सुबह यह सूचना मिली। भट्टाबस्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम



एफएसएल की सहायता से साक्ष्य जुटाए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या 28 जुलाई को ही की गई थी। आशंका है कि हत्यारा दो दिन तक शव को छुपाए रहा और फिर मंगलवार देर रात शव को टैंपो की ड्राइवर सीट पर रखकर फरार हो गया।

शव की स्थिति अत्यधिक खराब होने से चोट के निशान स्पष्ट नहीं हो पाए। शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नाबालिग की फर्जी आईडी से अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**दिनेश पारिक**

थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी को 1500 किलोमीटर दूर बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि 15 सितंबर 2023 को नाबालिग पुत्री के पिता द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री की फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उस पर अश्लील फोटो अपलोड कर वायरल किए गए।

इस मामले में पहले आरोपी देव लाल बलाई पुत्र कन्हैयालाल बलाई, निवासी बीलिया थाना शाहपुरा को जहाजपुर साइबर टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य जुटाकर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था।

इसी मामले में कोटड़ी थाना पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे आरोपी नारायण लाल रेगर (उम्र 26), पुत्र हीरालाल रेगर, निवासी बीड़ा का खेड़ा, रतनपुरा, थाना आंसीद को मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल के आधार पर बेंगलुरु के काडगुडी स्थित आईटीपीएल थाना क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में अग्रिम जांच में जुटी है।



# बीगोद में अवैध बजरी पर डीएसटी की बड़ी कार्रवाईः तीन डंपर जब्त, चालक गिरफ्तार

**खनिज विभाग 15.72 लाख का जुर्माना लगाएगा**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिगोद/मांडलगढ़**

भीलवाड़ा पुलिस की स्पेशल टीम ने बीगोद थाना क्षेत्र के जोजवा–धाकड़खेड़ी मार्ग पर अवैध बजरी से भरे तीन ओवरलोड डंपर जब्त कर चालकों को गिरफ्तार किया। डंपरों में बजरी खटवाड़ा गांव स्थित स्टॉक से भरकर मध्यप्रदेश ले जाई जा रही थी। डीएसटी प्रभारी कालूराम धायल ने बाते की कार्रवाई बुधवार देर रात की गई। पूछताछ में चालक मदनलाल रेगर, शिवप्रकाश गुर्जर व शंकरलाल गुर्जर ने बजरी स्टॉक से लोडिंग की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों



डंपरों को बीगोद थाने में खड़ा करवा दिया। खनिज विभाग ने मौके पर पहुंचकर चालकों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जब्त डंपरों पर 15 लाख 72 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही ओवरलोडिंग पर परिवहन विभाग की ओर से अलग कार्रवाई की जाएगी। बजरी स्टॉक संचालक और जेसीबी पर भी कार्रवाई की तैयारी है।

गौरतलब है कि बीते दो सप्ताह में मांडलगढ़, बीगोद व काछोला क्षेत्र में डीएसटी द्वारा बजरी माफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दर्जनों अवैध वाहन जब्त हो चुके हैं, बावजूद इसके अवैध खनन जारी है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया आकोला विद्यालय का निरीक्षण, जर्जर कक्ष को बंद करने के निर्देश

**विद्यालय में कमरों की भारी कमी, बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर छात्र**

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)**

तहसील स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने आकोला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय भवन की स्थिति की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालयों व अन्य सरकारी भवनों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आकोला विद्यालय का निरीक्षण




किया गया, जहां एक कक्षा-कक्ष को अनुपयोगी मानते हुए उसे बंद करने के निर्देश संस्था प्रधान को दिए गए। गौरतलब है कि विद्यालय की हालत लंबे समय से जर्जर है। करीब चार वर्ष पूर्व चार कक्षाओं को खस्ताहाल मानते हुए तोड़ दिया गया था, लेकिन उसके बाद से भवन विस्तार की कोई स्वीकृति नहीं मिली। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों को बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से नए कक्ष निर्माण की मांग की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने आंगनबाड़ी केंद्रों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर आकोला के प्रशासक शिवलाल जाट सहित अन्य ग्रामीणों ने विद्यालय में कमरों की कमी को लेकर चिंता जताई और शीघ्र स्वीकृति दिलाने की मांग की।

इस दौरान आकोला पटवारी भंवर सिंह, गिरदावर राजेंद्र काबरा, भीलवाड़ा पार्षद ओम साइराम पाराशर, पीईईओ मनीषा पारीक, अध्यापक सत्यनारायण शर्मा, लक्ष्मीनारायण व्यास, लादूलाल, बंसीलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## टैक्स मंत्रा

### खनिज सैंडस्टोन के पट्टाधारियों हेतु वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) रिवर्स चार्ज से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना

भीलवाड़ा व बूंदी जिले के समस्त खनिज सैंडस्टोन पट्टाधारियों को सूचित किया जाता है कि जीएसटी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, खनिज रॉयल्टी के भुगतान पर रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (RCM) के अंतर्गत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देय होता है।

### क्या होती है रिवर्स चार्ज मैकिनिज्म (RCM)?

वस्तु एवं सेवा कर कानून के अंतर्गत सामान्यतः कर का भुगतान वस्तु या सेवा प्रदाता करता है, लेकिन कुछ विशेष मामलों में कर का दायित्व प्राप्तकर्ता (जिसे सेवा या वस्तु मिली हो) पर होता है। इसे ही विपरीत कर भुगतान व्यवस्था कहा जाता है।

### खनिज रॉयल्टी पर आरसीएम कैसे लागू होता है?

वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की अधिसूचना संख्या 13/2017 - केंद्रीय कर (दर), दिनांक 28.06.2017 (जो समय-समय पर संशोधित होती रही है) के अनुसार-

जब राज्य सरकार, केंद्र सरकार या कोई स्थानीय निकाय किसी व्यक्ति को खनिज संसाधनों के उपयोग हेतु लाइसेंस या पट्टा प्रदान करता है, तो इसके बदले ली गई रॉयल्टी या शुल्क पर वस्तु एवं सेवा कर देय होता है।

इस कर का भुगतान पट्टाधारी द्वारा रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म व्यवस्था के तहत करना अनिवार्य है।

### संयोजन योजना (कंपोजिट योजना) में होने पर भी देय कर

कुछ करदाता यह मानते हैं कि यदि वे संयोजन कर योजना में पंजीकृत हैं, तो उन्हें विपरीत कर लागू नहीं होता। यह स्पष्ट किया जाता है कि-

संयोजन योजना में पंजीकृत व्यवसायों को भी रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के अंतर्गत कर देना अनिवार्य है। यह उनके नियमित कर निर्धारण से अलग होता है।

### गोदाम/भंडारण स्थल पर भी देय है रिवर्स चार्ज

**वाणिज्यिक कर विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि-**

यदि सैंडस्टोन खनिज गोदाम या भंडारण स्थल पर संग्रहीत है और उसका परिवहन नहीं हुआ है, तब भी उस पर रिवर्स चार्ज के अंतर्गत वस्तु एवं सेवा कर देय होगा।

### अनुरोध एवं मार्गदर्शन

**सभी पट्टाधारियों से निवेदन है कि वे-**

- शीघ्र वस्तु एवं सेवा कर पंजीयन करवाएं (यदि अभी तक नहीं करवाया हो),
- प्रत्येक रॉयल्टी भुगतान पर रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के अंतर्गत कर की गणना कर समय पर जमा करें,
- किसी योग्य कर सलाहकार या चार्टर्ड लेखाकार से मार्गदर्शन लें ताकि सभी नियमों का पालन सही ढंग से किया जा सके।

### अनुपालन नहीं करने पर दंड की संभावना

यदि रिवर्स चार्ज मेकिनिज्म का नियमानुसार पालन नहीं किया गया, तो विभाग द्वारा आर्थिक दंड, ब्याज और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अतः सभी पट्टाधारी समय पर सही कर भुगतान सुनिश्चित करें।

---

*यह लेख कर सलाहकार अधिवक्ता अभिषेक कुमार जैन द्वारा लिखा गया है। जैन आयकर एवं वित्तीय कानूनों के अनुभवी विशेषज्ञ हैं तथा पिछले 20 वर्षों से व्यक्तियों एवं कंपनियों को कर योजना, जांच, अपील व अनुपालन मामलों में सलाह दे रहे हैं।*



**- अभिषेक कुमार जैन**

**कर सलाहकार ,एडवोकेट ईमेल: Abhijohn1987@gmail.com**

# कोटड़ी में ऐलानिया धमकी पर एक गिरफ्तार, शांति भंग की आशंका में पुलिस की कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(दिनेश पारीक)**

थाना पुलिस ने बुधवार को सार्वजनिक रूप से धमकी देने और संज्ञेय अपराध की आशंका के चलते एक व्यक्ति को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि कस्बा निवासी ललिता देवी और उनके पति प्रकाशचंद्र पोखरना तथा दूसरे पक्ष के शंकरलाल जाट, उनकी पत्नी कमला देवी, मां जेतू देवी व अन्य आरोपी देवराज सिंह पुत्र चैनसिंह राजपूत, निवासी सूरजपुरा को जांच के लिए थाने बुलाया गया था।इस दौरान प्रकाशचंद्र को आरोपी देवराज सिंह निवासी




सूरजपुरा द्वारा सार्वजनिक रूप से धमकियां दिए जाने और संज्ञेय अपराध की आशंका पर पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# भीलवाड़ा जिले में भारी बारिश के चलते स्कूलों की छुट्टी 31 जुलाई तक बढ़ाई गई

**जिला कलक्टर ने जारी किया आदेश, छात्र सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरकरार**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में भारी बारिश के मद्देनज़र विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के अवकाश को एक दिन और बढ़ा दिया है।जिला कलक्टर एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष जसमीत सिंह संधु द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब 31 जुलाई बुधवार को भी जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इससे पूर्व प्रशासन ने 28 और 29 जुलाई को अवकाश घोषित किया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 30 जुलाई तक किया गया था। अब एक बार फिर मौसम विभाग की चेतावनी और वर्षा की संभावना को देखते हुए यह अवकाश 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं अन्य शिक्षकीय कर्मचारी अपने-अपने विद्यालयों में यथावत उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# 3 अगस्त को होगा सब जूनियर जूडो टीम का चयन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य स्तरीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता हेतु भीलवाड़ा जिला जूडो संघ द्वारा टीम चयन 3 अगस्त रविवार को शाम 4 बजे श्रीराम व्यायामशाला जूडो सेंटर, पुर में आयोजित होगा, जिसमें 2011, 2012 एवं 2013 में जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे; छात्र वर्ग में 30, 35, 40, 45, 50, 55, 60, 66 व +66 किग्रा तथा छात्रा वर्ग में 28, 32, 36, 40, 44, 48, 52, 57 व +57 किग्रा भार वर्ग शामिल हैं; प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से पूर्व तीन वर्ष पुराना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो तथा एवीटी मेडिकल प्रमाण पत्र की मूल व फोटो प्रतियां प्रशिक्षक जगदीश राजोरा या भगवती लाल शर्मा को जमा करानी होंगी; चयनित खिलाड़ी टोंक के सोडो में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो राजस्थान जूडो संघ के महासचिव महीपाल ग्रेवाल के सानिध्य में आयोजित होगी।



QUICK BITES

## दान जी का खेड़ा में महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ



महावीर वैष्णव

ग्राम पंचायत श्रीनगर के दान जी का खेड़ा गांव में कृषि विभाग द्वारा राज्य योजना अंतर्गत एक दिवसीय महिला कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 30 महिला किसानों ने भाग लिया। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक महावीर वैष्णव ने खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक, फसल बीमा योजना, राज किसान ऐप व ई-गिरदावरी की जानकारी दी। मोड़ू लाल धाकड़ ने विभागीय योजनाओं जैसे फव्वारा, पाइपलाइन, तारबंदी आदि पर अनुदान की जानकारी दी। पशुधन निरीक्षक धर्मराज आचार्य ने बरसात में पशु बीमारियों से बचाव व टीकाकरण के बारे में बताया । प्रशिक्षण के अंत में ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें तीन महिला किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## अंगदान को लेकर जिलेभर में उत्साह, 1715 स्वास्थ्यकर्मियों ने लिया ऑनलाइन संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



राष्ट्रीय अंगदान दिवस 2-3 अगस्त के उपलक्ष्य में जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों में दो दिवसीय ऑनलाइन अंगदान शपथ अभियान आयोजित किया गया। 29 और 30 जुलाई को हुए । इस अभियान में 92 नए पंजीकरण सहित अब तक कुल 1715 स्वास्थ्यकर्मियों ने अंगदान का संकल्प लिया।

सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि अंगदान से एक व्यक्ति 8 लोगों को जीवनदान दे सकता है। शपथ प्रक्रिया ऑनलाइन है । उन्होंने इसे मानवता का सर्वोच्च दान बताते हुए सभी चिकित्सा अधिकारियों को स्टाफ से ऑनलाइन शपथ दिलवाने के निर्देश दिए हैं।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# डीएमएफटी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

### लंबित कार्य तय समय में पूर्ण करने के निर्देश, जिम्मेदारी भी तय होगी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में डीएमएफटी मद से संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलक्टर ने सभी विभागों को स्वीकृत कार्यों को तय समयावधि में पूर्ण करने, उपयोगिता प्रमाण पत्र यूसी व पूर्णता प्रमाण पत्र सीसी समय पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने चेताया कि लापरवाही पर विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक में विभागवार खर्च, स्वीकृत कार्यों की प्रगति और लंबित कार्यों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यों में आ रही बाधाओं के समाधान के लिए भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर यूआईटी सचिव ललित गोयल, सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सीता का कुंड में कांवड़ यात्रा का भव्य आयोजन, भगवामय माहौल में शिव भक्तों का उमड़ा सैलाब

### 108 कांवड़ियों ने मेज नदी से लाया जल, ड्रोन से हुई पुष्प वर्षा, डीजे की धुन पर भक्त हुए भावविभोर

भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा

(सोराज सिंह चौहान)

बिजोलिया पंचायत समिति क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सीता का कुंड महादेव में श्रावण मास के अवसर पर बुधवार को भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन हुआ। खैराड़ क्षेत्र के भटखेड़ी स्थित मेज नदी महादेव से जल भरकर 108 कांवड़ियों ने भगवा वस्त्रों में नारे लगाते हुए उत्साहपूर्ण माहौल में यात्रा निकाली।



यात्रा मार्ग में माल का खेड़ा, गुलजी का खेड़ा, उन्द्रो का खेड़ा, किशोरपुरा, मांड्यारड़ी सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक ड्रोन से पुष्प वर्षा कर शिवभक्तों का स्वागत किया। इस दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने भी यात्रा में भाग लेकर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। यात्रा आचार्य पं. कमलेश शर्मा के सान्निध्य में मंत्रोच्चार के साथ निकाली गई, जिसमें सीता का कुंड में विधिपूर्वक जलाभिषेक किया गया। पं. बाबूलाल शर्मा ने बताया कि सावन मास में शिवभक्तों द्वारा पैदल कांवड़ यात्रा करना परम पुण्य का कार्य माना गया है। कांवड़ यात्रा विगत चार वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। भक्तों ने जय भोले, बम भोले, बाबा ने बुलाया हैज जैसे गगनभेदी नारों और भजनों के साथ डीजे की धुनों पर नृत्य करते हुए उत्सव का माहौल बना दिया। पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, सीता कुंड विकास समिति अध्यक्ष शंभू लाल गुर्जर, अभिषेक सर्वा, हितेन्द्र राजोरा, उमाशंकर वैष्णव, शांतिलाल मेहता, चंद्रप्रकाश बैरागी, रामनाथ योगी, मदनलाल सुथार, शिवप्रकाश झंवर, मनोज बैरागी, दुर्गेश दरोगा, बाबूलाल शर्मा, पप्पूलाल बंजारा, शंकरलाल बंजारा, भंवरलाल माली, मुरली बंजारा, भाव सिंह बंजारा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नगर पालिका पर भेदभाव का आरोपः हैला समाज ने निकाली रैली, रोजगार की मांग उठाई

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

(मानव तिवाड़ी) ग्राम पंचायत से नगर पालिका बनी बिजौलिया में व्यवस्थाओं की जगह समस्याएं बढ़ रही हैं। वर्षों से पंचायत में सफाई कार्य कर रहे हैला समाज के कई सफाईकर्मी बेरोजगार हो गए हैं। बुधवार को समाज के लोगों ने रैली निकालकर नगर पालिका की कार्यशैली का विरोध किया और उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री




नाम ज्ञापन सौंपा। हैला समाज का आरोप है कि रियासतकाल से सेवा कर रहे सफाईकर्मियों को दरकिनार कर विशेष लोगों को नियुक्ति दी गई। हड़ताल से पूर्व कार्यरत 38 सफाईकर्मियों को कार्य पर नहीं लिया गया, जबकि अन्य समाज के 30 लोगों को नियुक्त कर दिया गया। समाज ने इसे सुनियोजित भेदभाव बताया और कहा कि गरीब, विधवा व दिव्यांग सफाईकर्मी इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। कई बार प्रशासन को ज्ञापन देने के बावजूद कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। रैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और निष्पक्ष जांच, पूर्व सफाईकर्मियों की पुनः नियुक्ति और पालिका में पारदर्शिता की मांग की गई।

## नवजात के लिए समय पर रक्तदान कर रचा जीवनदान का इतिहास, भंडारी और शर्मा बने भीलवाड़ा के हीरो





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सेवा ही धर्म है की भावना को साकार करते हुए सेवार्थ फाउंडेशन से जुड़े सक्रिय रक्तदाता अभिषेक भंडारी और अभिषेक शर्मा ने एक नवजात शिशु की जान बचाकर इंसानियत की मिसाल पेश की है। मामला महात्मा गांधी अस्पताल का है, जहां जन्म के तुरंत बाद पीलिया से पीड़ित एक नवजात को इमरजेंसी में ओ नेगेटिव ब्लड की जरूरत पड़ी। ब्लड ग्रुप दुर्लभ होने से परिजन परेशान थे। इसी बीच सेवार्थ फाउंडेशन के माध्यम से जब अभिषेक भंडारी और अभिषेक शर्मा से संपर्क किया गया, तो दोनों युवाओं ने बिना देर किए ब्लड बैंक पहुंचकर रक्त का दान किया।

फाउंडेशन के गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि युवाओं का यह कदम केवल रक्तदान नहीं, बल्कि एक मासूम को जीवन देने वाला पुण्य कार्य बन गया। इनकी संवेदनशीलता और तत्परता ने यह सिद्ध कर दिया कि समाज में सेवा भावना आज भी जीवित है।

## श्मशान तक कीचड़ भरा रास्ता, टायरों और चद्दर के सहारे हुआ अंतिम संस्कार



भीलवाड़ा फोकस @ भटेड़ा

(दिनेश कुमार सुवालका)

बनेड़ा पंचायत समिति के माताजी का खेड़ा भटेड़ा गांव में बुधवार को विकास के सरकारी दावों की पोल उस वक्त खुल गई जब एक 80 वर्षीय बुजुर्ग चुन्नी दास वैष्णव का अंतिम संस्कार टायरों और चद्दर के सहारे करना पड़ा।

भारी बारिश के बीच परिजन व ग्रामीण श्मशान घाट पहुंचे, लेकिन वहां कोई पक्की चबूतरी, टीनशेड या बैठने की व्यवस्था नहीं थी। मजबूरी में ग्रामीणों ने चिता को बारिश से बचाने के लिए लोहे के पाइपों पर चद्दर बांधी और तीन घंटे तक उसे पकड़े खड़े रहे।

श्मशान तक पहुंचने के लिए भी कीचड़ और बरसाती पानी से भरा रास्ता पार करना पड़ा। बारिश के कारण अंतिम यात्रा में शामिल लोग छातों के सहारे खड़े रहे।

ग्रामीणों ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए प्रशासन से श्मशान घाट में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# बिजोलिया में दो स्थानों से महिलाओं की कांवड़ यात्राएं, शिवालयों में किया जलाभिषेक






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

श्रावण मास के पावन अवसर पर बिजोलिया कस्बे में दो स्थानों से महिलाओं और बच्चों द्वारा सामूहिक कांवड़ यात्राएं निकाली गईं। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया।

माइनिंग ऑफिस स्थित उत्तम शिखरेश्वर महादेव मंदिर से पहली बार महिलाओं और बच्चों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु तिलस्वां महादेव मंदिर स्थित कुंड से कांवड़ में पवित्र जल भरकर लाए और भगवान शंकर का विधिवत जलाभिषेक किया। इस यात्रा में पूजा कंवर, बबीना गुर्जर, सुमन मीणा, मीनू कंबोज, यशवीर, तान्या, पर्व, एकता, ऋषभ, शिवम्, कोमल, सोनम सहित अनेक भक्त शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर तहसील कार्यालय परिसर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भी महिलाओं ने मंदाकिनी महादेव मंदिर के कुंड से जल लाकर शिवलिंग पर अभिषेक किया।

दोनों ही यात्राओं में भक्तों ने जयकारों के साथ शिव भक्ति में लीन होकर सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर 'बोल बम' के उद्घोष और भक्ति गीतों से गूंज उठा।

# जिला कलेक्टर के निर्देशों की पालना में उपखंड स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित

## बिजोलिया ब्लॉक के 146 स्कूलों में से 32 जर्जर घोषित , 100 में मरम्मत की आवश्यकता

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना में बुधवार को उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सभी जर्जर भवनों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास अधिकारी अशोक शर्मा, तहसीलदार ललित डीडवानिया, सीबीईओ मालीराम यादव, पीडब्ल्यूडी के एईएन नरेंद्र धाकड़, आरपी हरिराम यादव, कालू लाल मीणा, समस्त प्रधानाचार्य, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक में सभी विभागों से जुड़े भवनों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और विशेष रूप से शिक्षा विभाग के विद्यालय भवनों की सुरक्षा व्यवस्था पर गहन चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार बैठक में पीईईओ द्वारा दी गई रिपोर्ट में बिजोलिया ब्लॉक में कुल 146 विद्यालय कार्यरत बताए गए हैं, जिनमें 85 प्राथमिक, 35 उच्च प्राथमिक (यूपीएस) और 26 सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। इनमें से 32 विद्यालयों को जर्जर घोषित किया गया है–18 प्राथमिक, 9 यूपीएस और 5 सीनियर सेकेंडरी स्कूल। वहीं 14 विद्यालय पूरी तरह सुरक्षित हैं, जबकि 100 स्कूलों में मरम्मत की आवश्यकता बताई गई है। बैठक में अधिकारियों ने सभी भवनों का मौके पर पुनः निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत के प्रस्ताव जल्द तैयार करने व आपात स्थिति से पूर्व सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।।

# रात्रि चौपाल बनी संवाद का सशक्त माध्यम, बिजोलिया में एसडीएम ने जन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

ग्राम पंचायत थडोदा में बुधवार रात आयोजित रात्रि चौपाल जन संवाद और समाधान का प्रभावी मंच बनी। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस चौपाल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याएं खुलकर साझा कीं।



जनसुनवाई के दौरान राजस्व, बिजली, जलदाय, पीडब्ल्यूडी और पंचायती राज विभाग से जुड़ी कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं। उपखंड अधिकारी सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों का जल्द समाधान कर लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इस अवसर पर तहसीलदार ललित डिडवानिया, विकास अधिकारी एवं अशोक शर्मा सहित समस्त विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईश्वरलाल मोरवानी बने भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय सिंधु सभा राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक सक्खर धर्मशाला में आयोजित हुई । जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत राम छबड़ा द्वारा भारतीय सिंधु सभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व ईश्वर मोरवानी को दिया गया। जिला प्रवक्ता पंकज आडवाणी ने बताया कि प्रदेश महामंत्री का दायित्व गिरधारीलाल ज्ञानानी एवं प्रदेश सह मंत्री का दायित्व नवल किशोर



गुरनानी को दिया गया । ओमप्रकाश गुलाबानी ने बताया कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वाधवानी को प्रदेश संरक्षक एवं राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की सिंधी लैंग्वेज कोर्स स्कीम व बाल संस्कार शिविरों के राष्ट्रीय प्रभारी का दायित्व भी दिया गया। शेष कार्यकारिणी के लिए प्रदेश अध्यक्ष को जिम्मेदारी दी गई जो प्रदेश की पूरी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। इस बैठक में सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्रकुमार तिर्थानी, सभी प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, एवं सम्भाग प्रभारियों ने भाग लिया। भीलवाड़ा से सम्भाग प्रभारी वीरुमल पुरसानी सम्मिलित हुए।

## QUICK BITES

# करेड़ा में 21 टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण किट

**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा**



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत करेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को 21 टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम एसडीएम के नेतृत्व में आयोजित हुआ। बीसीएमओ डॉ. मनोज कुमार बसेर ने बताया कि टीबी का इलाज संभव है, यदि मरीज समय पर दवा लें और उचित पोषण लें। पोषण किट का उद्देश्य रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रभाकर अवताडे ने मरीजों का फॉलोअप लिया और किट की गुणवत्ता पर जानकारी दी। इस मौके पर योगेश कुमार बांगड़, एएनएम बिंदु चौधरी, नर्सिंग ऑफिसर कन्हैया लाल जोशी, टीबी सुपरवाइजर प्रदीप दाधीच, बीपीओ विष्णु भदादा, सईदा बानो रंगरेज सहित कई चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया**



तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार बुधवार को चौराहे पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित हुआ।

पीएलवी अंजली नायक ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी और बताया कि अनजान व्यक्ति को मोबाइल, बैंक, एटीएम या ओटीपी जैसी जानकारी नहीं देनी चाहिए। शिविर में जीतमल भील, धर्मीचंद बैरागी सहित लगभग 30 ग्रामीण मौजूद रहे।

# भगवान श्री मांगट देव की 23वीं पदयात्रा का शाहपुरा में भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



भगवान श्री मांगट देव माला जी बड़ा खेड़ा की आठ दिवसीय 23वीं पदयात्रा के शाहपुरा पहुंचने पर मेवाड़ आम चौखला मीणा समाज व शहरवासियों ने पुष्पवर्षा, माला, तिलक, इत्र और जयकारों के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

यात्रा श्यावता से आरंभ होकर चांदनी माता, देवली, जहाजपुर, शाहपुरा, समेलिया, भीम आदि स्थानों से होती हुई बड़ा खेड़ा पहुंचेगी, जहां झंडा चढ़ाने के साथ समापन होगा। सेन समाज धर्मशाला में महाआरती, प्रसादी और रात्रि विश्राम हुआ। कार्यक्रम में समाज के अनेक श्रद्धालु और पदयात्री मौजूद रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।